# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

**(वसंत)(पाठ 16)(शिव प्रसाद सिंह – भोर और बरखा़)**

**(कक्षा 7)**

*प्रश्न अभ्यास*

**कविता से**

**प्रश्न 1:**

'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन–कौन सी बातें कहती हैं ?

**उत्तर 1:**

मॉ यशोदा अपने लाल कृष्ण को जगाने का प्रयास करती हैं । वे कहती हैं रात बीत चुकी है भोर हों गई है गोपियॉ दही मथ रहीं हैं , उनके दही मथने से उनके कंगनों की आवाज साफ सुनाई दे रही है । देवता और मनुष्य तथा ग्वाल–बाल द्वार पर खड़े तुम्हारे उठने का की प्रतीक्षा कर रहे हैं और तुम्हारी जय–जयकार कर रहे हैं ।

**प्रश्न 2:**

नीचे दी गई पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए 'माखन–रोटी हाथ मुँह लीनी, गउवन के रखवारे।'

**उत्तर 2:**

ग्वाल–बाल अपने हाथ में माखन–रोटी लेकर तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं अब तो उठ जाओ ।

**प्रश्न 3:**

पढ़े हुए पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए।

**उत्तर 3:**

ब्रज में भोर होते ही घरों से दूध–दही को मथने की आवाजें वहॉ की महिलाओं के कंगनों से सुनाई देती हैं और ग्वाल–बाल गाएं चराने के लिए घरों से बाहर निकल पड़ते हैं ।

**प्रश्न 4:**

मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?

**उत्तर 4:**

सावन के आने से मीरा को ऐसा लगने लगा कि अब मेरे कृष्ण भी मेरे पास आएंगे इसलिए उसे सावन मनभावन लगने लगा ।

**प्रश्न 5:**

पाठ के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।

**उत्तर 5:**

सावन में आसमान में बादल उमड़–घुमड कर आते हैं चारों तरफ पानी की वर्षा होते है प्रकृति हरी–भरी हो जाती है और ठंडी हवा बहने लगती है ।

## कविता से आगे

**प्रश्न 1:**

मीरा भक्तिकाल की प्रसिद्ध कवयित्री थीं। इस काल के दूसरे कवियों के नामों की सूची बनाइए तथा उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए।

**उत्तर 1:**

| | कवि | रचना |
|---|---|---|
| 1. | कबीरदास | बीजक |
| 2. | सूरदास | सूरसागर |
| 3. | तुलसीदास | रामचरितमानस |
| 4. | मलिक मोहम्मद जायसी | पद्मावत |

**प्रश्न 2:**

सावन वर्षा श्रृतु का महीना है, वर्षा श्रृतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम लिखिए।

**उत्तर 2:**

सावन के महीने के अलावा वर्षा श्रृतु के दो अन्य महीने है – आषाढ़ मास और भादों मास

## अनुमान और कल्पना

**प्रश्न 1:**

सुबह जगने के समय आपको क्या अच्छा लगता है ?

**उत्तर 1:**

सबुह जगने के समय चिड़ियों का चहचहाना ,सुबह की ताजी हवा और उगते सूरज के कारण आकाश की लालिमा अच्छी लगती है ।

**प्रश्न 2:**

यदि आपको अपने छोटे भाई–बहन को जगाना पड़े, तो कैसे जगाएँगे ?

**उत्तर 2:**

यदि हमें अपने छोटे भाई–बहन को जगाना पड़े तो उन्हें हम बड़े प्यार से सुबह की ताजी हवा और मौसम के बारे में बताते हुए जगाएंगे।

**प्रश्न 3:**

वर्षा में भीगना और खेलना आपको कैसा लगता है?

**उत्तर 3:**

वर्षा में भीगना और खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है ।

प्रश्न 4:
मीरा बाई ने सुबह का चित्र खींचा है। अपनी कल्पना और अनुमान से लिखिए कि नीचे दिए गए स्थानों की सुबह कैसी होती है ।

क:
गाँव, गली या मुहल्ले में
क:
गॉव या गली मोहल्ले में में सुबह के समय मंदिरों से घंटियों की आवाजें आती है लोग अपने घर ऑगन आदि की सफाई करते हुए दिखाई देते हैं । जिनके घरों में गाएं हैं वे उनका दूध निकालते हुए उन्हें नहलाते उन्हें चारा डालते हुए दिखाई देते हैं ।

ख:
रेलवे प्लेटफार्म पर
ख:
रेलवे प्लेटफार्म पर लोग मुँह–हाथ धोते हुए , चाय पीते हुए , दातुन करते हुए और गाड़ियों से चढ़ते –उतरते तथा अखबार खरीदते हुए दिखाई देते हैं ।

ग:
नदी या समुद्र के किनारे
ग:
नदी के किनारे ऐसा लगता है कि मानों नदी में ताजा पानी आ गया हो पानी पर पड़ती सूरज की किरणों से पानी चमकदार हो जाता है । समुद्र के किनारे ऐसा लगता है मानों सूरज समुद्र में से ही निकल रहा हो।

घ:
पहाड़ों पर
घ:
पहाड़ों पर सुबह का दृश्य देखते ही बनता है सूरज पहाड़ों के पीछे से निकलता दिखाई देता है वहॉ का मौसम सुहावना हो जाता है ।

**भाषा की बात**
प्रश्न 1:
कृष्ण को 'गउवन के रखवारे' कहा गया है जिसका अर्थ है गौओं का पालन करने वाले। इसके लिए एक शब्द दें।
उत्तर 1:
इसके लिए एक शब्द गोपाल या ग्वाला हो सकता है ।